बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना

Bihar Board of Open Schooling & Examination

Question Bank

प्रश्न पत्र बैंक

वर्ग–दशम / Class – X

विषय – हिन्दी / SUBJECT – HINDI

विषय कोड–201 / SUBJECT CODE–201

I. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें :–

1. प्रकृति और मनुष्य का सम्बंध ऐतिहासिक दृष्टि से काफी बाद में शुरू हुआ, क्योंकि प्रकृति पहले से थी, मनुष्य बाद में आया । लेकिन अपने विकास के क्रम में मनुष्य में शीघ्र ही प्रकृति पर अपनी इच्छा आरोपित करनी चाही और तब से संघर्ष और स्वीकृति का एक लोमहर्षक नाटक मनुष्य और प्रकृति के बीच चला आ रहा है । आज भी मनुष्य प्रकृति का ही पुत्र है । जन्म, जीवन, यौवन, जरा, मरण आदि अपनी अनेक स्थितियों में वह आज भी प्राकृतिक नियमों से मुक्त नहीं हो सका है। इसके बावजूद स्वयं उसकी चेष्टा यही रही है कि वह ज्ञान–विज्ञान को अपनी सामूहिक उद्यमशीलता के बल पर प्रकृति को पूर्णतः अपने वश में कर ले । यह इतिहास मनुष्य की विजय और प्रगति का इतिहास है या उसकी पराजय और दुर्गति का, इसे वह स्वयं भी ठीक–ठाक नहीं समझ सका है पर जिसे हम मनुष्य की जयगाथा कहकर पुलकित होते रहते हैं, वह असल में मनुष्य की पराजय बल्कि उसके आत्महनन की गाथा है । पिछले कुछ वर्षों में 'इकोलोजी' अर्थात 'परिमंडल विज्ञान' की अत्यधिक चर्चा इस तथ्य का प्रमाण है ।

   क. प्रकृति और मनुष्य का संबंध ऐतिहासिक दृष्टि से काफी बाद में क्यों शुरू हुआ?
   ख. प्रकृति और मनुष्य के बीच लोमहर्षक नाटक क्यों चला आ रहा है?
   ग. मनुष्य क्यों प्राकृतिक नियमों से मुक्त नहीं हो सका है?
   घ. मनुष्य क्या ठीक–ठाक से नहीं समझ सका है?
   ङ. इनके अर्थ लिखें :– (क) लोमहर्षक (ख) इकोलोजी

2. विद्वानों का यह कथन बहुत ठीक है कि नम्रता ही स्वतंत्रता की धात्री व माता है। लोग भ्रमवश अहंम वृति को उसकी माता समझ बैठते हैं, पर वह उसकी सौतेली माता है जो उसका सत्यानाश करती है। चाहे यह संबंध ठीक हो या न हो पर इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्मसंस्कार के लिए थोड़ी बहुत मानसिन स्वतंत्रता परम आवश्यक है – चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो और चाहे वह नम्रता से ही उत्पन्न हो । यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है उसके लिए यह गुण अनिवार्य है जिससे आत्मनिर्भरता आती है और जिससे अपने पैरों के बल खड़ा होना आता है । युवा को यह स्मरण रखना चाहिए कि वह बहुत कम बातें

जानता है, अपने ही आदर्श से वह बहुत नीचे है और उसकी आकांक्षाएँ उसकी योग्यता से कहीं बढ़ी हुई है । उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करें, छोटे और बराबर वालों से कोमलता का व्यवहार करें ।

a. विद्वानों का कौन सा कथन बहुत टीक है?

b. किस बात को सब लोग मानते हैं?

c. कौन सी बात निश्चित है?

d. युवा को क्या सदा स्मरण रखना चाहिए?

e. किसी युवा को क्या ध्यान स्मरण रखना चाहिए?

II. <u>अधोलिखित अवतरण का संक्षेपण करके उचित शीर्षक दीजिए</u> :

1. कवि का काम है कि वह प्रकृति–विकास को ध्यान से देखे । प्रकृति की लीला का कोई ओर–छोर नहीं, वह अनन्त है। प्रकृति अद्भुत खेल खेल करती है। एक छोटे से फल में अजीब कौशल दिखलाती है। वे साधारणतः ध्यान में नहीं आते। वे उनकी समझ में आ सकते पर कवि अपनी सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति के कौशल अच्छी तरह देख लेता है, उनका वर्णन भी वह करता है।

संसार के कोने–कोने में अनगिनत भाषाएँ बोली और लिखी जाती हैं जिनकी अपनी प्रकृति और अपने उच्चारण हैं। हजारों विद्यार्थी विदेशी भाषाओं या दूसरे की भाषाओं का अध्ययन करते हैं, ताकि उनके साहित्य का ज्ञान प्राप्त किया जा सके। हर भाषा के साहित्य की अपनी विशिष्टता है। उस विशिष्टता में किसी भी देश की मानसिक विलक्षणता रहती है। अनेक भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है, क्योंकि इससे मानवीय दृष्टि व्यापक, विचार उदार और अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध दृढ़ होते हैं।

III. <u>निम्नलिखित में से किसी एक पर लगभग 250 शब्दों में एक निबंध लिखिए:</u>

<u>(भूमिका,विषयवस्तु,उपसंहार)</u>

(1) मेरे प्रिय कवि (2) दिवाली

(3) विज्ञान–वरदान या अभिशाप (4) नारी शिक्षा की आवश्यकता

(5) महात्मा गाँधी (6) सहशिक्षा

(7) पर्यावरण (8) महिला सशक्तीकरण

(9) मेरी प्रिय पुस्तक 10. भारत रत्न सचिन तेन्दुलकर

11. वसन्त ऋतु 12. छात्र और अनुशासन

13. कम्प्यूटर शिक्षा की आवश्यकता

IV. निम्नलिखित में से किसी एक पर पत्र/आवेदन – पत्र लिखिएः

(1) सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए नगर निगम के महापौर को एक आवेदन–पत्र लिखिए।

(2) देखे गये किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपन मित्र के पास एक पत्र लिखिए।

(3) मित्र को उसके जन्मदिन बधाई पत्र लिखिए।

(4) अपने अनुपस्थिति दंड माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को सम्बोधित एक आवेदन पत्र लिखिए।

(5) पिता को उनके स्वास्थ्य की चिंता जताते हुए पत्र लिखिए।

(6) अखबार के संपादक को नगर की दुर्दशा के संबंध में एक पत्र लिखिए।

(7) अपने मुहल्ले की सड़कों पर से जल जमाव की समस्या से निजात पाने के लिए नगर निगम के महापौर के पास एक आवेदन–पत्र लिखिए।

(8) पुस्तक खरीदने के लिए 500/– रू0 की माँग करते हुए अपने पिताजी के पास एक पत्र लिखिए।

V. सही विकल्प चुनकर अधोलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों को भरें :–

(1) 'प' का उच्चारण स्थान .... है। (ओठ, कंठ)

(2) अग्नि परीक्षा से शक्ति .... है। (बढ़ती, घटती)

(3) जानने की इच्छा रखने वाला .... कहलाता है। (जाग्रत, जिज्ञासु)

(4) व्यसन का अर्थ है ....। (तेजी, लत)

(5) जिस क्रिया से कर्म का बोध हो उसे ....क्रिया कहते हैं। (अकर्मक, सकर्मक)

(6) नवनीत का अर्थ होता है ....। (मक्खन, छाछ)

(7) नेता का सही स्त्रीलिंग रूप .... है। (नेतृ, नेत्री)

(8) बिहार में .... के पानी का संचयन किया जाता था। (बाढ़, कुँए)

(9) कटोरा, कौड़ी, डिबिया .... शब्द है। (देशज, विदेशज)

(10) पीर अली .... की दुकान चलाते थे। (किताब, राशन)

(11) 'जो किए कए उपकारों को नहीं मानता हैं, उसे.....................कहते हैं।(कृतज्ञ,कृतध्न)

(12) सन्धि को तोड़ने की क्रिया को ....कहते हैं।(विग्रह, विच्छेद)

(13) जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएँ लगती है उसे.................स्वर कहते हैं।(हृस्व,दीर्घ)

(14) 'मैंने रोटी खायी', वाक्य उदाहरण है........................वाच्य का।(कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य,)

(15) 'क' का उच्चारण स्थान ....है।(कंठ, मुर्द्धा)

(16) किसी टूटे हुए मकान के बचे हुए भाग को ....कहते है।(खंडहर,संग्रहालय)

17. 'च' का उच्चारण स्थान ....है।(कंठ, तालू)

18. जिस क्रिया के दो कर्म होते हैं उन्हें ....क्रिया कहते है।(प्रेरणार्थक,द्विकर्मक)

19. 'के लिए' .... कारक का चिन्ह है ।(सम्बन्ध, सम्प्रदान)

20. हिमालय...........................संज्ञा है।(जातिवाचक, व्यक्तिवाचक)

VI. (1) विशेषण किसे कहते हैं ? उसके भेदों की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए।

(2) सर्वनाम किसे कहते हैं ? उसके भेदों की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए।

(3) संज्ञा किसे कहते हैं ? उसके भेदों की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए।

(4) 'पुराना' का तत्सम शब्द लिखिए।

(5) 'जाति' का बहुवचन बनाएँ।

(6) 'पीताम्बर' का विग्रह कर समास बनाएँ।

(7) 'गहराई' में कौन सा प्रत्यय लगा है?

(8) 'दुम हिलाना' मुहावरे का प्रयोग वाक्य में कीजिए।

(9) 'संसार' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(10) 'आजन्म' का विग्रह कर समास बताएँ।

(11) 'व्यर्थ' का संधि–विच्छेद कीजिए।

(12) 'प्राण–फूंकना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(13) 'पेड़ के पत्ते गिरे' यह किस तरह के कारक का उदाहरण है ?

(14) इनके पर्यायवाची शब्द लिखिए :

समुद्र, फूल, लक्ष्मी, नदी आकाश, सरस्वती

(12) निम्नांकित उपसर्गों से एक–एक शब्द बनायें :–

(i) वि (ii) भर

(13) निम्नांकित शब्दों से उपसर्ग को अलग कर लिखिए:–

सुसंगठित, विख्यात

VII. <u>**निम्नांकित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर दिजीए**</u> :–

(1) गाँधीजी से राजेन्द्र प्रसाद का सम्पर्क किस माध्यम से हुआ ?

(क) टेलीफोन (ख) तार (ग) पत्र (घ) वार्तालाप

(2) यात्रा में सहायक तत्व कौन हैं ?

(क) मनोबल (ख) शारीरिक बल (ग) आत्मबल (घ) ये सभी

(3) नागार्जुन किसमें अपनी छवि देखते हैं ?

(क) विशाल पठार (ख) विशाल हिमालय (ग) लोक संस्कृति (घ) विशाल भूखंड

(4) मनुष्य की मुक्ति के लिए क्या आवश्यक है ?

(क) पूँजी (ख) शिक्षा (ग) साधन (घ) निर्भय होना

(5) मुतिया से कबीर की कैसी छवि उभरती है ?

(क) पालतू (ख) विनम्र (ग) लालची (घ) परित्यक्त

(6) बहन को चट्टान कहने का क्या अभिप्राय है ?

(क) कठोरता (ख) सब कुछ सह लेने की क्षमता

(ग) इन दोनों का (घ) इनमें से कोई नहीं।

(7) गोधन कैसा युवक है ?

(क) देहचार (ख) मस्त (ग) दुःखी (घ) कामचोर।

(8) इनमें से कौन एक नदी का नाम नहीं है ?

(क) सोनबरसा (ख) मरगंगा (ग) मरने (घ) चार कोसी नदी।

(9) अनुवाद प्रक्रिया का अंतिम चरण क्या है ?

(क) संप्रेषण (ख) अर्थग्रहण (ग) पठन (घ) वाचन।

(10) 'स्वतन्त्रता' का सही पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(क) पराधीन (ख) अधीन (ग) स्वाधीन (घ) आजादी।

(11) सरकार तो पहले ही जहीन थे । इस वाक्य में कौन सा भाव छिपा है ?

(क) दब्बूपन (ख) क्रोधी (ग) मिलनसार (घ) सामंजस्य

(12) 100 फीट ऊँचा विशाल विहार स्तंभ किसने बनवाया था ?

(क) किंगचू (ख) धर्मपाल (ग) हर्षवर्द्धन (घ) चन्द्रगुप्त मौर्य

(13) महानता कैसे प्राप्त होती है ?

(क) पूजा करने से (ख) सुंदरता से (ग) मेहनत तथा त्याग से (घ) धन से।

(14) 'घूम रहा है कैसा चक्र' शीर्षक रचना किस महापुरूष के जीवन से सम्बन्धित है ?

(क) महावीर (ख) गौतम बुद्ध (ग) महात्मा गाँधी (घ) विवेकानन्द

(15) कविता के अनुसार कवि ने किन्हें स्वाधीन बताया है ?

(क) पक्षियों को (ख) मनुष्य को (ग) जानवरों को (घ) भारत को।

(16) 'मेरा नाम जोकर' कब प्रदर्शित हुई थी ?

(क) दिसम्बर, 1972 (ख) दिसम्बर, 1974 (ग) दिसम्बर, 1976 (घ) दिसम्बर, 1970

(17) शरद जोशी ने भारतीय रेल की अस्त–व्यस्त व्यवस्था के बहाने किसकी पोल खोली है?

(क) भारतीय राजव्यवस्था (ख) भारतीय अर्थव्यवस्था

(ग) सामाजिक अव्यवस्था (घ) भारतीय परम्परा।

(18) बहन को कवि ने इनमें से क्या कहा है ?

(क) दीया (ख) ढिबरी (ग) सूरज (घ) ये सभी।

(19) फूलपरास से किस नदी का सम्बन्ध है ?

(क) भूतही (ख) यमुना (ग) कोसी (घ) इनमें से कोई नहीं।

(20) 'मुतिया' में कौन प्रत्यय है ?

(क) इक (ख) इया (ग) इनी (घ) इनमें से कोई नहीं।

(21) गया किस क्लब का चैंपियन था :–

(क) शतरंज क्लब (ख) क्रिकेट क्लब (ग) गुल्ली क्लब (घ)टेनिस क्लब

(22) संवाद से कहानी क्या होती है?

(क) प्रभावहीन हो जाती है (ख) आगे बढ़ती है

(ग) महत्वहीन हो जाती है (घ) छोटी हो जाती है

(23) गोधन को कौन मनाकर लायी?

(क) गुलरी काकी (ख) पंच (ग) रूदल साह (घ) कनेली

(24) धर्म के लिए लड़ने वाले को कहते हैं :–

(क) धर्मार्थी (ख) जेहादी (ग) धर्म प्रचारक (घ) परमार्थी

(25) महान विद्वान शीलभद्र नालन्दा विश्वविद्यालय में क्या थें?

(क) प्राध्यापक (ख) व्याख्याता (ग) कुलपति (घ) चिकित्सक

(26) 'स्वाधीनता पर' कविता में 'स्वाधीन' का दूसरा अर्थ क्या बताया गया है?

(क) आजादी (ख) स्वतंत्रता (ग) निर्भय (घ) इनमें से कोई नहीं

(27) 'अगर इन्सान ही हूँ' कविता में किसके अपनानित होने की बात कही गयी है?

(क) चूहा (ख) मेढ़क (ग) इंसान (घ) दीमक

(28) कबीर अपने कितने शत्रुओं की बात करते है?

(क) लाख (ख) हजार (ग) रात में जितने आकाश में तारे हैं (घ) एक भी नहीं

(29) कवियत्री महादेवी वर्मा के जीवन में प्रियतम के आगमन से क्या छा जाता है?

(क) हर्ष (ख) विषाद (ग) वसंत (घ) दुर्दिन

(30) 'नींब की ईंट हो तुम दीदी' शीर्षक कविता मे कवि ने स्वयं को क्या कहा है?

(क) तोता (ख) कबूतर (ग) हारिल (घ) ये सभी

(31) इनमें से कौन सा व्यक्ति 1857 के विद्रोह से सम्बन्धित नहीं है?

(क)लक्ष्मीबाई (ख) नाना साहब (ग) भगत सिंह (घ) कुँवर सिंह

(32) गोधन को किसने माफ कर दिया ?

(क) सरकार ने (ख) न्यायालय ने (ग) पंचों ने (घ) किसे ने नहीं

(33) रत्नसागर, रत्नदधि एवं रत्नरंजक नाम थे :–

(क) नालंदा के पुस्तकालयों के (ख) नालंदा के खैरवरों के

(ग) नालंदा के विद्वानों के (घ) इनमें से किसी का नहीं

(34) डॉ0 अम्बेदकर को व्यक्ति पूजा थी :–

(क) पसंद (ख) नापसंद (ग) बहुत पसंद (घ) थोड़ी पसंद

(35) कौन समाज डूब रहा है?

(क) डूबनेवाला (ख) तैरनेवाला (ग) हारनेवाला (घ) भागनेवाला

(36) 'स्वाधीनता पर' कविता के अनुसार व्यवस्था का जनक कौन है?

(क) मनुष्य (ख) खुशी (ग) नेतागण (घ) भय

(37) कबीर के अनुसार यह संसार कैसा है?

(क)हमेशा सुख से भरा (ख)कभी भी सुख नहीं(ग)कभी दुःख नहीं(घ)क्षण में सुख क्षण में दुःख

(38) करूणा और संदेश क्या बनकर पथ में बिछ जाते हैं?

(क) गुलाब (ख) कमलं (ग) पराग (घ) कलियाँ

(39) कविवर नागार्जुन किन बूँदों की बात रह रहे हैं ?

(क) पानी की बूँद (ख) शोणित की बूँद (ग) बर्फ की बूँद (घ) इनमें से कोई नहीं

VIII. <u>स्तम्भ 'अ' के अंतर्गत उल्लेखित तथ्यों का स्तम्भ 'ब' के अंतर्गत उल्लेखित तथ्यों से सही मिलान किजीए।</u>

		स्तम्भ 'अ'		स्तम्भ 'ब'
(1)	(क)	बिहार और 1857 की जनक्रांति	(i)	डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

	(ख)	गुल्ली डंडा	(ii)	पाल्लो नेरूदा
	(ग)	सीधी सी बात	(iii)	सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
	(घ)	स्वाधीनता पर	(iv)	प्रेमचंद
	(ङ)	नींव की ईंट हो तुम दीदी	(v)	अनुग्रह नारायण सिंह
	(च)	गाँधीजी से भेंट	(vi)	उदय प्रकाश

अथवा

(2)	(क)	नालंदा महाविहार : एक परिचय	(i)	अनुपम मिश्र
	(ख)	घूम रहा है कैसा चक्र	(ii)	महादेवी वर्मा
	(ग)	मुझे व्यक्ति – पूजा पंसद नहीं	(iii)	कबीर
	(घ)	जो तुम आ जाते एक बार	(iv)	मैथिली शरण गुप्त
	(ङ)	दोहे	(v)	डॉ0 भीमराव अम्बेदकर
	(च)	तैरने वाला समाज ही डूब रहा है	(vi)	रवि मोहन

अथवा

(3)	(i) रेलयात्रा	(क) पाल्वा नेरूदा
	(ii) पंचलाइट	(ख) नागार्जुन
	(iii) कहता है जोकर	(ग) मैथिलीशरण गुप्त
	(iv) सीधी सी बात	(घ) प्रहलाद अग्रवाल
	(v) मेरी भी आभा है इसमें	(ङ) फणीश्वरनाथ रेणु
	(vi) घूम रहा ह कैसा चक्र	(च) शरद जोशी

अथवा

		स्तम्भ 'अ'		**स्तम्भ 'ब'**
(4)	(क)	अगर इन्सान हीं हूँ	(i)	प्रेमचंद
	(ख)	स्वाधीनता पर	(ii)	रविमोहन
	(ग)	जो तुम आ जाते एक बार	(iii)	डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद
	(घ)	गाँधी जी से भेंट	(iv)	महादेवी वर्मा
	(ङ)	गुल्ली डंडा	(v)	कुँवर नारायण
	(च)	नालन्दा महाविहार : एक परिचय	(vi)	सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

IX. सही या गलत बतावें :

(1) गया डिप्टी साहब का साईस था।

(2) 1957 में टेलर पटना का कमिश्नर था।

(3) नालन्दा मूलरूप से जैन अध्ययन केन्द्र था।

(4) महात्मा गाँधी की तरह हमें दूसरों से जिस काम की अपेक्षा हो उसे स्वयं करके नहीं दिखाना चाहिए।

(5) गोधन कनेली से प्रेम करता था।

(6) 'बीजक' की रचना कबीर ने की है ।

(7) 'नक्र' का अर्थ घड़ियाल होता है ।

(8) 'राम की शक्ति पूजा' महादेवी की रचना है ।

(9) नींब का ईंट माँ को कहा गया है।

(10) रोटी कभी नहीं बोली कि दुनिया में मुझसे अच्छा क्या है।

(11) अहंकारी व्यक्ति प्रेम नहीं कर सकता ।

(12) 'जोकर' अपने समय की सबसे महँगी फिल्म थी।

(13) हिमालय का बाह्य हिस्सा शिवालिक कहलाता है।

(14) महादेवी वर्मा की शैली प्रतीकात्मक है।

(15) मेहनत और त्याग से महानता प्राप्त नहीं होती है।

(16) खेल में धांधली होने पर गया का चेहरा तमतमा गया।

(17) आज झूठा इन्सान अपमानित हो रहा है।

(18) बीजक के चार भाग हैं।

(19) 'तार–तार' अनुप्रास अलंकार है।

(20) प्रत्येक भाषा की प्रकृति एक सी होती है।

(21) 'धर्म यज्ञ' यज्ञ मण्डप का नाम था।

(22) ईर्ष्या में मनुष्य दूसरे व्यक्ति में दोष ढूढने लगता है।

(23) गंगा नेपाल से निकलती है।

(24) ऐसी बानी बोलिए मन का आपा सोइ।

(25) 'मैला आँचल' फणीश्वरनाथ रेणु की रचना है।

(26) 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति है।

(27) हारिल अपना घोंसला नहीं बनाते हैं।

(28) सीधी सरल भाषा का प्रयोग कविता को रोचक बनाता है।

(29) स्वपन में भी पराधीन! विस्मयादि बोधक वाक्य है।

(30) उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के तीन भेद हैं।

(31) लेखक के अनुसार सब खेलों का राजा गुल्ली डंडा है ।

(32) फाँसी के तख्ते से पीर अली ने जो भविष्यवाणी की थी वह सही नहीं निकला ।

(33) कुँवर सिंह 80 वर्ष की अवस्था में अंग्रेजी सेना से लड़े ।

(34) नालन्दा विश्वविद्यालय का उत्खननकर्त्ता करर्निधम था।

(35) हमें महान लोगों के चरित्र का अनुकरण नहीं करना चाहिए।

(36) नवनीत का अर्थ मट्ठा होता है।

(37) निराला की कविताएँ मुक्त छंद में लिखी गई है।

(38) कवि का स्त्रीलिंग कवयित्री होता है।

(39) भीनी–भीनी में योजक चिन्ह का प्रयोग नहीं हुआ है।

(40) कुँवर नारायण की रचना 'सीधी सी बात' है।

X. <u>निम्नांकित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दें</u>:

1. हाँ, ये समूची जिन्दगी एक 'शो' ही तो है । जिन्दगी जो कभी रूकती नहीं । आदमी मर के भी नहीं मरता । मृत्यु सिर्फ परिवर्त्तन है, जो जिन्दगी की अनिवार्यता के लिए अनिवार्य हे । जब जिन्दगी नहीं रूकती तो जोकर का तमाशा कैसे रूक सकता है?

   a. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत है तथा इस पाठ के लेखक कौन हैं?

   b. जोकर का तमाशा कहाँ नहीं रूक सकता है?

   c. समूची जिन्दगी एक 'शो' है कैसे?

2. भारत वापसी की यात्रा के दौरान गाँधीजी ने दो भारतीय भाषाओं तमिल और उर्दू का अध्ययन किया, जो वे समझते थे कि उन्हें आनी चाहिए और दोनों ही उन्होंने अंग्रेज अधिकारियों से या उनकी मदद से सीखीं। उनके सम्पर्क में आते ही अंग्रेज उनको सहज ही पसन्द करते, हर काम में उनकी मदद करते। वे भी उनकी भावनाओं का आदर करते और ईमानदारी से कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण कार्यकाल में अंग्रेजों को गाँधीजी से ईमानदार और प्यारा विद्रोही देखने को नहीं मिला था।

   क. गाँधीजी ने भारत वापसी यात्रा के दौरान किन दो भाषाओं का अध्ययन किया ?

   ख. अंग्रेज गाँधीजी की भावनाओं का आदर क्यों करते थे ?

   ग. दोनों भारतीय भाषाएँ सीखने में उन्हें किनसे मदद मिली ?

3. शरद जोशी का जन्म मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में 21 मई, 1931 ई0 को हुआ। इन्होंने लेखन को ही आजीविका के रूप में अपना लिया। इनकी भाषा अत्यन्त सरल और सहज है। मुहावरों एवं हास–परिहास का स्पर्श देकर इन्होंने अपनी रचनाओं को रोचक बनाया है। जोशी ने अपनी व्यंग्य रचनाओं में समाज में पाई जानेवाली सभी विसंगतियों का बेबाक चित्रण किया है।

क. शरद जोशी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

ख. शरद जोशी ने अपनी रचनाओं को रोचक कैसे बनाया है ?

ग. जोशी ने अपने व्यंग्यों में किनका बेबाक चित्रण किया है ?

4. नालन्दा विश्वविद्यालय शुरू से हीं देशी और विदेशी शिक्षार्थियों के आकर्षण का केन्द्र रहा । यहाँ पर अध्ययन करने के बाद कई विद्वान धर्म प्रचार के लिए दूर देश तक गये । नालन्दा के प्रसिद्ध विद्वान संतरक्षित पद्मसंभव, कमलशील आदि तिब्बत गये। कुमारजीव, परमार्थ, धर्मकीर्ति आदि चीन गये । कुमारलीव संस्कृत एवं चीनी भाषा के प्रकाण्ड विद्वान थे । कुमारजीव ने नागार्जुन, अश्वघोष आदि भारतीय विद्वानों के अनेक ग्रन्थों का चीनी में अनुवाद किया । चीन में उन्हें शेक्सपीयर जैसी ही ख्याति एवं प्रतिष्ठा प्राप्त है।

क. नालन्दा विश्वविद्यालय शुरू से हीं क्या रहा?

ख. कौन–कौन विद्वान चीन तथा कौन–कौन तिब्बत गये?

ग. कुमारजीव को क्यों चीन में शेक्सपीयर जैसी ही ख्याति एवं प्रतिष्ठा प्राप्त है?

XI. निम्नांकित पद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दें:

(1) हँस उठते पल में आर्द्र नयन
घुल जाता ओठों में विषाद,
छा जाता जीवन में वसन्त
लुट जाता चिर–संचित विराग।
आँखें देती सर्वस्व वार !

(क) कवयित्री के होठों से विषाद कब घुल जाता है ?

(ख) आँखें अपना सर्वस्व किसे न्योछावर करना चाहती हैं ?

(ग) 'चिर संचित' का अर्थ लिखें।

(2) अगर दीपक नहीं हूँ
तो कौन चाट गया ईमान की फाइलें ?

अगर मच्छर नहीं हूँ
तो कौन पी रहा है देश का खून ?
सच बताइए
अगर इन्सान ही हूँ
तो इतनी अपमानित क्यों ?

(क) ''दीमक ईमान की फाइलें चाट'' गया से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

(ख) देश का खून कौन पी रहा है ?

(ग) 'अपमानित' का विलोम शब्द लिखें।

(3) भय ही व्यवस्था का जनक है
निर्भय अपने को
और दुर्बल समाज को
करके दिखाना है –
स्वाधीन का ही
एक और अर्थ 'निर्भय' है।

(1) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत है तथा इसके रचनाकार कौन हैं?

(2) भय व्यवस्था का जनक कैसे है?

(3) इस पद्यांश के भाव स्पष्ट कीजिए।

(3) पकी सुनहली फसलों से जो
अबकी यह खलिहान भर गया
मेरी रग–रग में शोणित की बूँदे इसमें मुस्काती है
नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखण्ड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें।

a. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत है तथा इसके रचनाकार कौन हैं?

b. शोणित की बूँदे किसमें मुस्काती है ?

c. इस पद्यांश का भाव लिखें।

XII. <u>निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दिजीएः–</u>

1. नालंदा महाविहार : एक परिचय आलेख के आलोक में नालन्दा विश्वविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया का वर्णन करें।

2. गोधन की पंचायत से क्यों छाँटा गया था?
3. लखनऊ में कांग्रेस का अधिवेशन कब हुआ था, उस अधिवेशन में कौन–कौन उपस्थित थें?
4. कबीर ने किसकी तथा क्यों निन्दा करने के लिए नहीं कहा है?
5. 'घूम रहा है कैसा चक्र' शीर्षक कविता कौन–सा संदेश देता है?
6. नागार्जुन को भारतीय आइन्सटीन कहा जाता है क्यों ?
7. कबीर ने अपने व्यंग्य का निशाना किसे बनाया है?
8. भारतीय रेलें हमें किस तरह का जीवन जीना सीखती हैं ?
9. गया का परिचय अपने शब्दों में दें ?
10. इंसान में इंसानियत कैसे समाप्त हो गई, स्पष्ट कीजिए।
11. 'सीधी सी बात' शीर्षक कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।
12. राजकुमार शुक्ल कौन थे? वे गाँधीजी को चम्पारण क्यों ले जाना चाहते थें?
13. अम्बेदकर के अनुसार व्यक्ति पूजा किसके खिलाफ है?
14. जोकर की असफलता का राजकपूर पर क्या प्रभाव पड़ा?
15. महादेवी वर्मा अपने प्रियतम के चरणों को आँसू से क्यों धोना चाहती है?
16. ''अगर में इन्सान हीं हूँ'' शीर्षक कविता में इंसान की तुलना किन जीव–जन्तुओं से की गई है तथा क्यों?

XIII. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें :–

1. भारतीय रेले हमें किस तरह जीवन जीना सिखाती हैं?
2. महादेवी वर्मा की आँखें अपना सर्वस्व किसे और क्यों न्योछावर करना चाहती हैं ?
3. शरद जोशी अथवा प्रेमचंद का संक्षिप्त परिचय अपने शब्दों में लिखिए।
4. ''मुझे व्यक्ति–पूजा पसंद'' नहीं अथवा ''रेल यात्रा'' शीर्षक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
5. गोधन को पंचायत से क्यों छाँटा गया था ?
6. ग्रीक देवता डिमेटर की कहानी लिखिए।
7. ग्वाला और भगवान बुद्ध की कथा का नाम लिखिए।
8. 'सीधी सी बात' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।
9. 'निदंक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय' का पल्लवन कीजिए।
10. 'नींव की ईंट हो तुम दीदी' कविता की भाषा शैली की विशेषताएँ लिखिए। लिखें।
11. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद अथवा पाव्लो नेरूदा का संक्षिप्त परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

12. तक्षशिला विश्वविद्यालय पर टिप्पणी लिखिए।

13. 'कहता है जोकर' शीर्षक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।